## अभ्यास 2

क. दिए गए वर्णों को जोड़कर उचित स्थान पर 'र' लगाइए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | + | र् | + | ग | | | = | वर्ग |
| प् | + | र | + | ण | | | = | पर्ण |
| ध | + | र् | + | म | | | = | धर्म |
| उ | + | म | + | र् | | | = | उम्र |
| म | + | आ | + | र् | + | ग | = | मार्ग |
| प | + | र् | + | ए | + | म | = | प्रेम |

'र' व्यंजन में 'उ' तथा 'ऊ' की मात्रा उसके 'मध्य' में लगती है। जैसे –

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| र् | + | ु | = | रु | – | रुक, रुपया, शुरुआत |
| र् | + | ू | | रू | = | रूपाली, रूप, डमरू |

'ट, ड' जैसे व्यंजनों के साथ 'र' इस प्रकार ( ्र ) लिखा जाता है। जैसे –

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ट् | + | र | + | क | = | ट्रक |
| ड् | + | र | + | म | = | ड्रम |



ऋ ( ृ ) की मात्रा का प्रयोग





जैसे – मृग, तृण, कृपा, तृप्ति, वृद्ध, गृह, मृणाल आदि।

Scanned by CamScanner

## अभ्यास 3

क. 'ऋ' की मात्रा के पाँच शब्द लिखिए।

ख. निम्न शब्दों के साथ 'र' का सही प्रयोग कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. भम | भ्रम | 2. टक | ट्रक |
| 3. मग | मृग | 4. सप | सर्प |
| 5. वग | वर्ग | 6. नप | नृप |
| 7. गह | गृह | 8. डम | ड्रम |

## वर्ण - विच्छेद

किसी शब्द के वर्णों को अलग करना **वर्ण-विच्छेद** कहलाता है। जैसे –

स् + ए + ब् + अ = सेब


छ् + आ + त् + आ = छाता

ब् + आ + ज़् + आ + र् + अ = बाज़ार

क् + अ + ब् + ऊ + त् + अ + र् + अ = कबूतर

## शब्द

वर्णों को जोड़कर शब्द बनते हैं, तो उनका एक निश्चित अर्थ होता है जैसे – **तोता, घड़ा, पेड़ और हाथी**। **तोता, घड़ा, पेड़** और **हाथी** शब्द एक निश्चित अर्थ बताते हैं।



इन शब्दों को पढ़ने से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वर्णों का समूह जो किसी निश्चित अर्थ को स्पष्ट करता है, वह **शब्द** कहलाता है।




Scanned by CamScanner

**परिभाषा**

वर्णों का सार्थक समूह **शब्द** कहलाता है जैसे – राहुल, मेघा, गंगा, कुरसी, सुराही, डिबिया आदि।

शब्द के दो भेद होते हैं – **सार्थक** तथा **निरर्थक**




| सार्थक शब्द | निरर्थक शब्द |
|---|---|
| वर्णों का ऐसा समूह जिसका कोई निश्चित अर्थ होता है, **सार्थक शब्द** कहलाता है। जैसे – **विद्यालय, कक्षा, बच्चा, टिकट, पत्र, बाग, यमुना, ताजमहल** आदि। | वर्णों का ऐसा समूह जिसका कोई अर्थ नहीं होता, **निरर्थक शब्द** कहलाता है। जैसे – **चाय-वाय, खाना-वाना, बाज़ार-वाज़ार** आदि। यहाँ **वाय, वाना, वाज़ार** आदि निरर्थक शब्द हैं। इनका भाषा की दृष्टि से कोई महत्व नहीं है। इस कारण से व्याकरण में हम इन शब्दों पर विचार नहीं करते। |

## अभ्यास 4

दिए गए वाक्यों में से सार्थक और निरर्थक शब्द अलग-अलग कीजिए।

| वाक्य | सार्थक शब्द | निरर्थक शब्द |
|---|---|---|
| क. मुझे चाय-वाय नहीं पीनी है। | चाय | वाय |
| ख. क्या तुमने आज रोटी-वोटी नहीं खाई? | रोटी | वोटी |
| ग. मुझे बाज़ार-वाज़ार नहीं जाना है। | बाजार | वाजार |
| घ. हम शादी-वादी में नहीं जाएँगे। | शादी | वादी |

Scanned by CamScanner

आइए, कुछ अशुद्ध और शुद्ध शब्दों को जानें।

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| आधीन | अधीन | परयोग | प्रयोग |
| आयू | आयु | कलस | कलश |
| अगामी | आगामी | करूना | करुणा |
| आईए | आइए | निशचित | निश्चित |
| परिक्षा | परीक्षा | गुन | गुण |
| अहार | आहार | डाकु | डाकू |
| बहूत | बहुत | गुरू | गुरु |
| पुत्रि | पुत्री | बिमार | बीमार |
| पत्नि | पत्नी | मयकं | मयंक |
| पुजा | पूजा | क्रपा | कृपा |

## अभ्यास 5

निम्न शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए।

| | शुद्ध रूप | | शुद्ध रूप |
|---|---|---|---|
| गुन | गुण | क्रपा | कृपा |
| कलस | कलश | अहार | आहार |
| परिक्षा | परीक्षा | नमश्कार | नमस्कार |
| पुजा | पूजा | डाकु | डाकू |

Scanned by CamScanner